## ✻✻ उठावना ✻✻

अत्यंत दु:ख के साथ अवगत कराने में आता है कि स्वर्गीय मदनलाल जी समन्दर की धर्मपत्नी, सुरेश की काकीजी, महेश समन्दर (एडवोकेट) की माताजी एवं विपिन, सरोज, एवं राधिका की दादीजी श्रीमती कमलादेवी समन्दर का आकस्मिक देवलोकगमन दिनांक 25.04.2025 को हो गया है, जिनका उठावना –पुष्पांजलि 27.04.2025 रविवार को प्रात: 10.30 बजे पोरवाल छात्रावास तेलिया तालाब के पास राम टेकरी मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻✻

**समन्दर (सारस्वत) परिवार**

कुकडेश्वर, मंदसौर



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 191 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 27 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया





हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ

**डॉ. पवन मेहता**

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)

Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय -

प्रतिदिन प्रात: 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


# फलों का राजा निभा रहा साथ

## पिछले साल की तुलना में भाव कम



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। वैसे तो गर्मी के साथ ही नींबू और अन्य कुछ सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन, फिलहाल फलों का राजा लोगों का साथ निभा रहा है। हम बात कर रहे हैं आम की। फलों का राजा कहे जाने वाले आम के दाम में पिछले साल के मुकाबले अभी कुछ कमी है। पिछले साल अप्रैल में इस समय जो बादाम आम 100 से 120 रुपए किलो में बिक रहा था, वह इस समय 70 से 80 रुपए किलो में आसानी से मिल रहा है। तोतापरी 70 से 90 रुपए था, वह 60 से 70 रुपए किलो बिक रहा है। पिछले साल सबसे ज्यादा महंगा हापुस 350 से 400 रुपए किलो में था। वह इस समय 250 से 300 रुपए किलो में मिल रहा है। जानकार भाव में कमी के पीछे अच्छी आवक होना बता रहे हैं।**

गर्मी के साथ ही फलों के राजा आम की मांग बढ़ जाती है। फिलहाल मांग इतनी अधिक नहीं है। बाजार में तीन-चार प्रकार के आम ही आ रहे हैं। इसमें भी सबसे कम भाव कलमी/तोतापरी और सिंदूरी (लालपट्ठा) आम के हैं, जो 60 से 80 रुपए किलो बिक रहा है। पिछले साल मांग के मुकाबले आवक कम होने पर आम काफी महंगा होकर खास बना हुआ था। फल-सब्जी मंडी में इस समय बादाम 70 से 80 रुपए प्रतिकिलो में मिल रहा है। इससे हल्की क्वालिटी का बादाम 40 से 60 रुपए किलो में भी आसानी से मिल जाएगा। तोतापरी 60 से 70 रुपए, सिंदूरी (लालपट्ठा) 60 से 80 रुपए किलो में मिल रहा है।

फल व्यापारियों के अनुसार इस साल गर्मी ने देर से दस्तक दी है और अभी-भी ऐसी गर्मी नहीं पड़रही है। जैसी पिछले सालों में अप्रैल में शुरू हो जाती थी। फिलहाल बेंगलुरु, केरल सहित अन्य जगह से ज्यादा आम आ रहे हैं। इस साल अब तक आम की आवक मांग के अनुरूप ठीक रही, जिससे भाव ज्यादा नहीं बढ़े। हालांकि शुरू में भाव कुछ ज्यादा थे। लेकिन गर्मी कम होने के साथ अन्य फलों की भी आवक होने के कारण भाव कम हो गए। व्यापारियों के अनुसार शहर में हैदराबाद, केरल, उप्र, महाराष्ट्र और गुजरात से आम आते हैं। सीजन शुरू होने के साथ आम की आवक शुरू हो गई थी और ज्यादातर आम बेंगलुरू, केरल, गुजरात व हैदराबाद से आ रहे हैं। इसमें यूपी से दशहरी, लंगड़ा किस्म के आम तो जूनागढ़-गुजरात से केसर आम की आवक होती है।

फिलहाल लंगड़ा, नीलम, दशहरी किस्म के आम नहीं आ रहे हैं। यदि किसी के पास है तो वह केवल ऑर्डर पर ही मंगा रहा है। इनकी आवक अगले माह तक शुरू होगी। दूसरी तरफ देसी अर्थात नीमच जिले व आसपास से आम की आवक तो शुरू हो गई है। लेकिन, कुछ खट्टे होने से शौकीन ही खरीद रहे हैं। अगले माह इनकी भी आवक अच्छी रहेगी, जिससे भाव में तेजी नहीं रहेगी।

# हड़ताल ने बिगाड़ी स्वास्थ्य महकमे की व्यवस्था..!

## टीकाकरण से लेकर दवाई वितरण तक प्रभावित, चेतावनी के आदेशों की जलाई होली



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बीते पांच दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे मैदानी स्तर पर टीकाकरण और दवाई वितरण से लेकर जांच तक प्रभावित हो रही है। सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ नहीं है। यहां जरूरी सेवाएं नहीं मिल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में प्रसव के लिए आई गर्भवतियों को बड़े अस्पताल रैफर करने की स्थिति बन रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि हड़ताल से स्थिति ज्यादा खराब नहीं हुई है। इधर शनिवार को चेतावनी के लिए जारी किए गए लेटर की होली जलाकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।**

संविदा कर्मचारियों के लिए नई नीति लागू की जा रही है। लेकिन कर्मचारी इसके विरोध में हैं और 22 अप्रैल से हड़ताल पर चले गए हैं। शुरुआत में कर्मचारियों की संख्या कम थी। लेकिन अब मैदानी अमला भी हड़ताल से जुड़ रहा है। इससे सबसे ज्यादा असर ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं पर दिखने लगा है। शुक्रवार को नियमित टीकाकरण होता है। लेकिन, संविदा एएनएम ने हड़ताल के समर्थन में इससे दूरी बना ली। इस कारण नियमित एएनएम ही टीकाकरण के लिए पहुंचीं। हड़ताल के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में दवा वितरण, स्टाफ नर्स की कमी से इलाज, कार्यालय में ऑपरेटरों के हड़ताल पर जाने से शासन को भेजी जाने वाली जानकारी और डाटा एंट्री नहीं हो रही है। आंगनवाड़ी में आरबीएस के चिकित्सकों ने जांच भी बंद कर दी है। एनआरसी का संविदा स्टाफ भी हड़ताल के समर्थन में है। इससे एनआरसी संचालन भी प्रभावित हो रहा है। हड़ताल लंबी खींचती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो जाएगी।

इधर संविदा कर्मचारियों को काम पर वापस लौटने के लिए सरकार ने शुक्रवार को चेतावनी पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके विरोध में हड़ताली कर्मचारियो ने शनिवार को दशपुर कुंज में शासन के आदेश की होली जलाई। डॉ. प्रतिज्ञा पाटीदार सहित अन्य संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा शासन हमारी मांगें नहीं मान रहा। ऊपर से हमें चेतावनी पत्र जारी कर रहा है। मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी

### संविदा नीति के अनुसार लाभ देने की मांग...

संविदा कर्मचारी नई नीति का विरोध कर रहे हैं और वर्ष 2023 की संविदा नीति के अनुसार लाभ देने की मांग कर रहे हैं। वर्ष 2023 में संविदा कर्मचारियों के लिए नई नीति बनी थी। इसमें कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह समान कार्य-समान वेतन, मेडिकल बीमा, भत्ते, छुट्टी की पात्रता दी गई थी। लेकिन, 2025 की नीति में इन सारी सुविधाओं को हटा दिया गया है। इस कारण हड़ताल हो रही है।

### हर साल परीक्षा, फैल हुए तो नौकरी से निकालेंगे...

संविदा कर्मचारियों ने बताया शासन की नई संविदा नीति में अब संविदा कर्मचारी को हर साल परीक्षा देना होगी। फैल हुए तो नौकरी से निकाल दिया जाएगा। जब नियमित कर्मचारियों के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं है तो संविदा कर्मचारियों के लिए क्यों। कई संविदा कर्मचारी वर्षों से नौकरी कर रहे हैं और इस उम्र में नौकरी से निकाले जाने पर कहीं काम नहीं कर सकेंगे। पिछले वर्षों में जिले में कई संविदा कर्मचारियों की मौत हुई। इनके परिवार को न अनुकंपा नौकरी मिली और न अनुग्रह राशि का लाभ दिया गया।

# जिला कांग्रेस संगठन पदाधिकारी आक्रामक विपक्ष के बजाय सहयोगी पक्ष का रोल निभा रहे है...

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** एक तरफ कांग्रेस का राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व लगातार भाजपा पर आक्रामक आरोप लगाकर हमलावर बने हुए हैं, वहीं सुप्रीमो राहुल गांधी जिलो के कांग्रेस संगठन को ताकतवर बनाने की सार्वजनिक योजना बना कर घोषणा कर चुके हैं। ऐसे वातावरण के बाद भी जिला कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों का सार्वजनिक रोल भाजपा के सहयोगी पक्ष की तरह नजर आ रहा है। अभी तक यहां गिनती के जितने भी विरोध प्रदर्शन जो नजर आए हैं। वह भी सिर्फ हाईकमान के चलाए जा रहे राष्ट्रीय मुद्दों पर दिखावे के लिए हुए नजर आए हैं। कारण बिल्कुल साफ है कि चार सौ से अधिक जिला पदाधिकारियो की कार्यकारिणी होने के बाद भी आधा सैकड़ा भी पदाधिकारी प्रदर्शनों में नजर नहीं आते हैं।



चन्द्रमोहन भगत

विरोध प्रदर्शन का इतना हल्का प्रदर्शन होने के राजनीतिक लाभ भाजपा को ही मिल रहा है। इसका कारण भी साफ है कि कहने को सवा सौ साल पुरानी राष्ट्रीय पार्टी होने के बाद भी अगर राष्ट्रीय मुद्दों के विरोध प्रदर्शन में भी 50-60 कार्यकर्ता बमुश्किल सड़क पर आते हैं तो राजनीति जगत में संदेश यही जाता है कि जब कांग्रेस के पदाधिकारियों में ही कांग्रेसी विचारधारा का असर नहीं हो रहा है तब जनमत कैसे साथ आएगा! जाहिर है कि इतने कमजोर प्रदर्शनों को देखकर आम जनमत का रुझान प्रमुख विरोधी भाजपा की ओर जाता नजर आ रहा है। हालांकि, यहां जिला अध्यक्ष कांग्रेस विधायक विपिन जैन है। इनकेबारे में यह सर्वविदित है कि अपने व्यक्तिगत व्यवहार के कारण जनप्रिय होकर चुनाव जीते हैं। भाजपा की सरकार बने साल भर बीतने के बाद भी जैन की लोकप्रियता का ग्राफ यथावत बना हुआ है।

बावजूद इसके जिला कांग्रेस की साख लगातार कम होने के कारणों में आम मुद्दे तो विरोध प्रदर्शन के साथ जिले भर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की सक्रियता को पैमाना माना जाता है। नगर पालिका परिषद में कांग्रेस के 08 पार्षद हैं, पर बजट सम्मेलन में और उसके पहले की बैठकों में भी कभी चार, कभी तीन तो कभी दो पार्षद की ही उपस्थित रही है। दो नंबर वार्ड की पार्षद पिंकी सोनी तो लगातार तीन परिषद की बैठकों में नदारत रही है। ऐसे ही जिला कांग्रेस कार्यालय में अधिकांश समय ताला नजर आता है कार्यालय मंत्री सुनील बसेर, सुरेश शर्मा है पर कार्यालय के आसपास यह तभी नजर आते हैं, जब किसी प्रभारी अथवा प्रादेशिक नेता का कार्यालय आगमन होता है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पुतला दहन कार्यक्रम में भी एक चौथाई कार्यकारिणी सदस्य भी नजर नहीं आए थे। इसके पहले भी प्रियंका गांधी और डॉक्टर अंबेडकर के अपमान केबदले में हुए पुतला दहन में भी जिला संगठन से ज्यादा एनएसयूआई कार्यकर्ता की संख्या नजर आई थी। नगर पालिका परिषद में विपक्षी होने केबावजूद भी नगर में खराब यातायात, अतिक्रमण, अवैध निर्माण और पार्किंग जैसी समस्याओं पर कभी हल्ला बोल प्रदर्शन नजर नहीं आया है। जनपद, जिला पंचायत के कांग्रेसी सदस्यों के विरोध भी आक्रामक ना होकर सहयोगी पक्ष की तरह नजर आए हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक दृश्य से लगता है कि राहुल गांधी भले ही जिला संगठनों को मजबूत बनाने की ठान चुके हो पर यहां भी संगठन में घुसे हुए स्लीपर सेलों का कुछ कर पाएंगे?

# नहीं मिल रहा चेलावत हास्पिटल में कार्यरत रहा धोखेबाज डॉक्टर..!

## कई लोगों के रूपए हड़पकर फरार होने का आरोप

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** धोखेबाजी के मामले में फरार आर्थोपेडिक डॉक्टर अभिषेक स्वेन के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। हालांकि उसकी तलाश अभी बाकी है। आरोपी डॉक्टर अभिषेक स्वेन शहर के चेलावत हास्पिटल में काम करता था। उस पर कई लोगो ने रूपए उधार लेकर फरार होने के आरोप लगाए है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि डॉक्टर सुशीला कुमावत, रामकृष्ण तुगनावत, अभिनव भार्गव, डॉक्टर अर्पित रणावत, मीना चौहान, रोहित सोनी, गौरव रावल द्वारा डॉक्टर अभिषेक स्वेन के खिलाफ आवेदन दिए थे। इसमें डॉक्टर सुशील कुमावत से डॉक्टर अभिषेक द्वारा पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी की बात कही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल.. **शेष पेज 4 पर**

### कईयों को बनाया शिकार...

शहर पुलिस ने बताया कि डॉक्टर अभिषेक स्वेन ने इनके अलावा मंदसौर में एमआर रामकृष्ण तुगनावत के साथ होटल बुक कराने के नाम पर उनके क्रेडिट कार्ड से 29 हजार 825 रुपए, भार्गव मेडिकल वाले अभिनव भार्गव के साथ मकान खरीदने के नाम पर 03.05 लाख रूपए, डॉक्टर अर्पित रणावत के साथ मोबाईल फोन दिलाने के नाम पर एक लाख रुपए, चेलावत अस्पताल में कार्यरत् अकाउंटेंट मीना चौहान के साथ मकान के नाम पर चार लाख रुपए, रोहित सोनी निवासी अमलावद वाले के साथ 50 हजार रु तथा गौरव रावल निवासी उज्जैन के साथ 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर रुपए की ठगी है।


## !! पंद्रहवीं पुण्यतिथि !!





हमारे सरपरस्त, आदरणीय बड़े भाई सा.

**श्री अनिलजी त्रिवेदी**

एवं हमारे भाई

**श्री कमलसिंहजी सिसौदिया**

की पंद्रहवीं पुण्यतिथि पर

**अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**

✻✻✻ श्रद्धावनत् ✻✻✻



**भूपेन्द्र सांखला**

भाजपा नेता, मन्दसौर


# कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से अगस्त तक चलेगी

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तारिख 13 मई, 2025 है।

इस साल उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते यात्रियों के 15 जत्थे कैलाश मानसरोवर जाएंगे। सभी जत्थो में 50-50 यात्री 05 जत्थे उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए मानसरोवर जाएंगे। वहीं, 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप सिक्किम से नाथूला होते हुए यात्रा करेगा। कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय इस यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि, पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड की लहर इसकी वजह थी। अब 05 साल बाद फिर यात्रा शुरू होने वाली है। इसे भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिश



के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों देशों ने पिछले साल अक्टूबर में हुए समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग से अपने सैनिकों को पीछे हटा लिया था।

### भारत-चीन में समझौते की नींव कजान में पड़ी...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पिछले साल अक्टूबर में 05 साल बाद रूस के कजान शहर में मिले थे। तब दोनों देशों ने आपसी संबंधों की स्थिति पर चर्चा की और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कुछ कदम उठाने पर सहमति जताई थी। इसके बाद से पिछले 03 महीने में चीन-भारत सीमा के विवादित इलाके डेमचोक और देपसांग से दोनों देशों की सेनाओं के पीछे हटने के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा और फ्लाइट सर्विस 05 साल बाद शुरू करने के फैसले हुए हैं।


पिता स्वर्ग: पिता धर्म: पिता परमकं तप: ।
पितरि प्रीतिमापन्ने सर्वा: प्रीयन्ति देवता:।।



मेरे पिता मेरे स्वर्ग हैं, मेरे पिता मेरे धर्म हैं, वे मेरे जीवन की परम तपस्या हैं। जब वे खुश होते हैं, तब सभी देवता खुश होते हैं!

**स्व. सेठ श्री मोहनलाल जी बुलचंदानी**

तृतीय पुण्य तिथि पर **सादर नमन**

आपके आशीर्वाद की छाया में सदैव पल्लवित

✻✻✻✻✻✻ श्रद्धावनत ✻✻✻✻✻✻

प्रकाश, महेश बुलचंदानी भाई, हेमन्त (हेमू), पंकज (चीकू) बुलचंदानी पुत्र

सन्नी बुलचंदानी (भतीजा) भव्य, सागर, हार्दिक (पौत्र)

**एवं बुलचंदानी परिवार, मन्दसौर**

विचार-मंथन

# भारत-अमेरिका समझौते की उम्मीदें क्यों हैं मजबूत?



जिस वक्त अमेरिका की पारस्परिक शुल्क नीति की वजह से दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता का वातावरण है, भारत के साथ उसके द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला कई सकारात्मक संकेत लिए हुए है। जब डोनाल्ड ट्रंप ने अलग-अलग देशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर अपनी शुल्क दरों की घोषणा की, तो दुनिया भर से तल्ख प्रतिक्रियाएं उभरनी शुरू हो गईं। हालांकि ट्रंप प्रशासन ने अपनी शुल्क नीति को नब्बे दिनों के लिए विराम दे रखा है, पर आने वाले दिनों में आर्थिक उथल-पुथल की आशंकाएं समाप्त नहीं हुई हैं। दुनिया भर के पूंजी बाजार में हिचकोले देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के साथ अमेरिका का सकारात्मक रुख बना हुआ है। फरवरी में प्रधानमंत्री जब अमेरिका यात्रा पर गए थे, तभी उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते का प्रस्ताव रखा था और अमेरिका ने उस पर गर्मजोशी दिखाते हुए अगले पांच वर्षों में पारस्परिक व्यापार गतिविधियों को वर्तमान एक सौ नब्बे अरब डालर से बढ़ा कर पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का इरादा जताया था। उसके बाद भारत ने कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में भारी कटौती कर दी थी। इसकी ट्रंप ने प्रशंसा भी की। इस सिलसिले में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दो दिन की बातचीत शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि दोनों देश जल्दी ही इस समझौते पर हस्ताक्षर कर लेंगे। इन दिनों अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। दिल्ली आते ही उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ इस मसले पर बातचीत की और सकारात्मक रुख दिखाया था। अभी जब दोनों देशों के बीच इस मसले पर वाशिंगटन में बातचीत शुरू हुई है, तो उसके पहले वेंस ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार संबंधी शर्तें तय हो चुकी हैं। यानी स्पष्ट है कि अगले कुछ महीनों में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। निस्संदेह इस समझौते से न केवल भारत-अमेरिकी रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे, बल्कि दुनिया की बदलती आर्थिक स्थितियों में नए समीकरण भी बनेंगे। यों, दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर कोई गहरे मतभेद पहले से ही नहीं थे, जैसे अमेरिका के साथ चीन के हैं। फिर, ट्रंप प्रशासन की पारस्परिक शुल्क नीति को लेकर भारत ने कभी कोई तल्ख टिप्पणी नहीं की। उसने संयम और संतुलन के साथ अमेरिकी फैसलों पर लगातार नजर बनाए रखा और द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अपनी बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने पर वह कायम रहा। उसी का नतीजा है कि अमेरिका के साथ उसकी नजदीकी कुछ और बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के तहत कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क में भारी कटौती की जा सकती या उसे खत्म किया जा सकता है। अमेरिका चाहता है कि भारत उसके औद्योगिक उत्पादों, विद्युत वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन, दुग्ध और कुछ कृषि उत्पादों के आयात में रियायत दे, जबकि भारत चाहता है कि अमेरिका यहां के परिधान, कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, प्लास्टिक समेत समुद्री खाद्य आदि के निर्यात पर शुल्क कम करे। अमेरिका ने फिलहाल सभी देशों के लिए आधार शुल्क दस फीसद रखा हुआ है, इसलिए इन वस्तुओं पर शुल्क निर्धारण में सहनीय दरें रखना बहुत पेचीदा मसला नहीं माना जा रहा। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन पर दुनिया भर से और अपने नागरिकों की ओर से शुल्क निर्धारण में नरमी लाने के जैसे दबाव बन रहे हैं, उसमें कुछ सकारात्मक नतीजों की उम्मीद बनी हुई है।

# भारत के तगड़े एक्शन से पाकिस्तान की टूटेगी रीढ़!

**अरुणिम भुयान**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए हैं. पाकिस्तान के भारत के इन फैसलों में सिंधु जल संधि को स्थगित करने से लेकर वाघा-अटारी सीमा को सभी तरह की आवाजाही के लिए बंद करना शामिल है. इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद करने को कहा गया है. इसके अलावा इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में काफी कमी करने का फैसला लिया गया है. गौर करें तो पहलगाम में दहशतगर्दों के इस हमले में 26 भारतीय पर्यटक मारे गए और कई घायल हुए हैं. विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दो घंटे से अधिक समय तक चली उच्चस्तरीय सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद मीडिया को सरकार के फैसलों की जानकारी दी. मिसरी ने कहा, भारत तब तक चैन से नहीं बैठेगा, जब तक इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता और उनके समर्थकों को जवाबदेह नहीं बनाया जाता. मिसरी के मुताबिक, सीसीएस को दी गई ब्रीफिंग में आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों को विस्तार से रखा गया. उन्होंने बताया कि इसमें ये उल्लेख किया गया कि जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव होने और निरंतर हो रहे आर्थिक वृद्धि के मद्देनजर ये आतंकी गतिविधियां हुईं. सीमा पार से नियंत्रित किए जा रहे इस आतंकवादी हमले की वजह से सीसीएस ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए 5 बड़े एक्शन लिए हैं. उन्होंने कहा, 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपना समर्थन त्याग नहीं देता. गौर करें तो सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच जल के बंटवारे की संधि है. इस संधि को विश्व बैंक की मध्यस्थता में तय किया गया था. इसके जरिए सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों में उपलब्ध पानी के उपयोग पर सहमति जताई गई थी. इस संधि पर सितंबर 1960 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके समकक्ष पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने कराची में दस्तखत किए थे. इस संधि के मुताबिक तीन पूर्वी नदियों ब्यास, रावी और सतलुज के जल पर भारत नियंत्रण दिया गया था. वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम के जल पर पाकिस्तान के नियंत्रण की बात कही थी. इस संधि के जरिए ही ये दोनों देश इन छह नदियों के जल बंटवारे को लेकर सहकारी तंत्र स्थापित करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं. सिंधु संधि की प्रस्तावना में सद्भावना, मित्रता और सहयोग की भावना से सिंधु नदी प्रणाली से पानी के उपयोग की बात कही गई है. इसमें नदी जल उपयोग के लिए प्रत्येक देश के अधिकारों और दायित्वों को मान्यता दी गई है. यह संधि भारत को पश्चिमी नदी के पानी का सीमित सिंचाई उपयोग और बिजली उत्पादन, नौवहन, संपत्ति का संचालन और मछली पालन के लिए उपयोग करने की असीमित अनुमति देती है. सिंधु संधि के तहत एक स्थायी सिंधु आयोग यानी PIC की स्थापना की गई है. इस आयोग में दोनों देशों से एक-एक कमिश्नर होता है. जो आपस में भारत-पाकिस्तान के बीच समन्वय स्थापित करता है. संधि के कार्यान्वयन पर चर्चा करने और उत्पन्न होने वाले किसी भी मुद्दे को संबोधित करने के लिए आयोग को वर्ष में कम से कम एक बार मिलना जरूरी होता है. इसके साथ ही पीआईसी नदियों का नियमित निरीक्षण करता है. साथ ही छोटे-मोटे मुद्दों को हल करने के लिए काम करता है. यह आयोग दोनों देशों के बीच नदी के प्रवाह और जल विज्ञान संबंधी डेटा का आदान-प्रदान करता है. आयोग विवाद समाधान के लिए सीधे संवाद के माध्यम से मतभेदों को सुलझाने पर काम करता है. इसके बाद भी यदि मुद्दों का समाधान नहीं हो पाता है, तो उन्हें किसी तटस्थ विशेषज्ञ या मध्यस्थता न्यायालय को भेजे जाने का प्रावधान है. भारत ने पाकिस्तान को दूसरा बड़ा झटका दिया है. इसके बारे में मिसरी ने कहा कि एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा. विदेश सचिव ने कहा, जो लोग वैध अनुमोदन के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई, 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं. इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की छूट अब खत्म की जा रही है. पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए किसी भी SVES वीजा को रद कर दिया गया है. SVES वीजा के तहत मौजूदा समय में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं वहीं भारत में अमृतसर और पाकिस्तान में लाहौर के बीच स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर नागरिकों और पर्यटकों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल ट्रांजिट स्थल है. गौर करें तो अटारी-वाघा बॉर्डर पर 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह एक प्रमुख आकर्षण होता है. इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. वैसे तो हरेक दिन लगभग 15,000 विजिटर इस समारोह में भाग लेते हैं. सप्ताहांत और राष्ट्रीय छुट्टियों के दिन यहां पर 25,000 दर्शकों तक की भीड़ उमड़ पड़ती है. अटारी-वाघा सीमा भारत और पाकिस्तान के बीच नागरिक आवागमन को भी आसान बनाती है. मोदी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में इस सीमा से 71,563 यात्रियों की आवाजाही हुई. गौर करें तो ये सीमा दोनों देशों के बीच व्यापार में भी अहम रोल अदा करती है. अटारी एकीकृत चेक पोस्ट भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार के लिए एकमात्र स्थल मार्ग है. भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में इस क्रॉसिंग के माध्यम से कुल व्यापार 3,886.53 करोड़ रुपये तक व्यापार पहुंच गया था. हालांकि बीते वर्षों में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार की मात्रा में उतार-चढ़ाव रहा है. दोनों दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और नीतिगत निर्णयों से दोनों देशों का व्यापार प्रभावित रहा है. इसके साथ ही सीसीएस ने अपने फैसले में नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को भी अवांछित घोषित कर दिया है. विदेश सचिव मिसरी ने कहा, उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है. भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा. साथ ही संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे।



# दवा बाजार में जल मंदिर का शुभारंभ

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर मंदसौर द्वारा माह अप्रैल 2025 की सेवा गतिविधि के अंतर्गत दवा बाजार, सुनार्थी गैस एजेंसी के पास भीषण गर्मी में आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए प्यास बुझाने के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। जैन सोश्यल ग्रुप ग्रेटर मंदसौर ने इस माह अप्रैल में जल मंदिर के प्रकल्प को साकार करते हुए ग्रुप के सचिव श्री विनय अनिता धींग द्वारा आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए प्यास बुझाने के लिए जल मंदिर का ग्रुप के संयोजक श्री विमल पामेचा के आतिथ्य में प्रारंभ किया गया।

इस गरिमामय कार्यकम में जैन सौश्यल ग्रुप ग्रेटर के संयोजक श्री विमल पामेचा, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन, पूर्व अध्यक्ष महावीर पाटनी, पूर्व अध्यक्ष रमेश जैन, ग्रेटर ग्रुप के नवीन अध्यक्ष श्री दिलीप मेहता, सचिव श्री विनय धींग, सहसचिव श्री उमेश जैन भडका, कोषाध्यक्ष श्री जयप्रकाश चौपडा, श्रीमती वंदना जैन, संगिनी फोरम की नवीन अध्यक्षा श्रीमती नीता मेहता सचिव श्रीमती कुसुमलता जैन, श्रीमती किरण रावका, श्रीमति कल्पना अनिल जैन, श्रीमती उषा पाटनी, संगीनी फोरम की ग्रुप पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता धीग एवं सकल जैन समाज की महिला प्रकोष्ट की महामंत्री सारिका बाकलीवाल एवं मंत्री एवं सहमंत्री की उपस्थिति में आम नागरिकों को गर्मी से राहत के लिए जल मंदिर प्रारंभ किया गया। अंत में कार्यक्रम का संचालन ग्रुप के अध्यक्ष दिलीप मेहता एवं आभार श्री विनय धींग ने ग्रुप के सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा नीमच का दायित्व ग्रहण आज

**नीमच, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद सत्र 2025-26 की नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह आज रविवार, 27 अप्रैल, 2025, को नीमच शहर के कालानी नगर स्थित शिवानन्द गार्डन में सायं 7 बजे होगा। भाविप विवेकानंद शाखा नीमच के सदस्य ने बताया कि नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष मनीष कालानी, सचिव गौरव गट्टानी, कोषाध्यक्ष अभय नलवाया अपनी नवगठित कार्यकारिणी के साथ नए सत्र 2025-26 के लिए शपथ लेकर अपने पदों का दायित्व ग्रहण करेंगे।



भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा नीमच के दायित्व ग्रहण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री बंशीलाल जी गुर्जर, सांसद महोदय, राज्यसभा, श्री दिलीपसिंह जी परिहार, विधायक, नीमच, श्री ओमप्रकाश जी सकलेचा, विधायक, जावद, श्री अनिरूद्ध माधव जी मारू, विधायक, मनासा, साथ ही महिला विशिष्ट अतिथि में श्रीमती स्वाति गौरव जी चौपडा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, नीमच श्रीमती वन्दना जी खण्डेलवाल, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, नीमच उपस्थित रहेंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रदीप जी चौपडा, सेवा प्रमुख रिजनल (मध्यक्षेत्र) द्वारा की जावेगी। इस दौरान श्री घनश्याम जी पोरवाल, प्रांतीय अध्यक्ष, मध्यभारत पश्चिम प्रान्त शपथ अधिकारी की भूमिका में रहेंगे।

# क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है?

पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को, दोनों को तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है। क्या सुप्रीम कोर्ट को विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप करना चाहिए और विधायिका को सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्षेत्र में बाधा पहुंचानी चाहिए? यह प्रश्न इसलिए उठ रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। दरअसल, पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को, दोनों को तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है। क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए? उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बातें कहीं, वह विचार योग्य हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बहुत विवेकशील थे। वे राष्ट्र कल्याण में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने तीन साल से भी कम समय में 18 सत्रों तक चर्चा की। कोई टकराव नहीं हुआ। कोई गड़बड़ी नहीं हुई। कोई व्यवधान नहीं हुआ। संवाद हुआ, बहस हुए, चर्चा हुई और विचार विमर्श हुआ। उनके पास बेहद विवादास्पद मुद्दे थे, लेकिन उन्होंने नियम बनाया। न्यायाधीशों की नियुक्ति अनुच्छेद 124 के तहत की जाएगी। इसके लिए परामर्श बोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा उस समय अनुच्छेद 124 को लेकर डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने महत्वपूर्ण बात की थी। उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि मुख्य न्यायाधीश को न्यायाधीशों की नियुक्ति पर व्यावहारिक रूप से वीटो देने का अधिकार, वास्तव में मुख्य न्यायाधीश को अधिकार हस्तांतरित करना है, जिसे हम राष्ट्रपति या तत्कालीन सरकार में निहित करने को तैयार नहीं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह भी एक आपत्तिजनक प्रस्ताव है। धनखड़ ने कहा कि इसके बावजूद वर्ष 1993 में दूसरे न्यायाधीश के मामले में न्यायालय ने परामर्श की व्यवस्था सहमति के रूप में की। धनखड़ ने पूछा, क्या ऐसा किया जा सकता है? उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यह भी कहा कि संसद केवल कानून बना सकती है और कार्यपालिका एवं न्यायपालिका सहित अन्य संस्थाओं को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन निर्णय लिखना, न्याय करना न्यायपालिका का ही विशेषाधिकार है, जैसे कानून बनाना संसद का काम है। उन्होंने प्रश्न किया- क्या हम नहीं पाते कि इस स्थिति को चुनौती दी जा रही है? कार्यकारी शासन न्यायिक आदेशों द्वारा हो रहा है। जब सरकार लोगों द्वारा चुनी जाती है तो सरकार संसद के प्रति जवाबदेह होती है। सरकार चुनाव में लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह कहना बिल्कुल उचित प्रतीत होता है कि संसद में आप सवाल पूछ सकते हैं, आलोचनात्मक सवाल पूछ सकते हैं, क्योंकि शासन कार्यपालिका द्वारा होता है, लेकिन अगर न्यायपालिका कार्यपालिका द्वारा शासन करती है तो हम सवाल कैसे पूछ सकते हैं? चुनाव में आप किसे जवाबदेह ठहराते हैं।

# अचानक आए दिल के दौरे से कैसे बचें-डा.जैन

## गुर्जरबर्डिया के सीएम राइज़ स्कूल में आरोग्य भारती का कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सी एम राइज स्कूल गुर्जरबर्डिया में मालवा प्रान्त के मंदसौर जिला इकाई का डॉ विष्णु सेन जी कछावा के निर्देशन में विद्यालय स्वास्थ्य प्रबोधन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वैभव जी जैन,पूर्व शल्य चिकित्सक, जिला चिकित्सालय मंदसौर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि के पूजन से हुआ। ॐ के उच्चारण के साथ भगवान धन्वंतरि मंत्र एवं अतिथियों के परिचय के बाद डॉ जवाहर सिंह मण्डलोई आरोग्य भारती जिला संरक्षक ने आरोग्य भारती द्वारा चलाये जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी कि किस प्रकार आरोग्य भारती स्वास्थ्य की दिशा में सबकी चिंता करता है और हर वर्ग,शिक्षण संस्था, महिलाओं और किशोरियों के बीच स्वास्थ जागरण में काम कर रहा है। भारत में एकमात्र यही संगठन है जो व्यक्तियों के स्वास्थ को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका लगातार निभा रही है। आज की अध्यक्षता कर रहे सी एम राइज गुर्जरबर्डिया विद्यालय के प्राचार्य राजेश जी मिश्रा ने अपने सारगर्वित उद्बोधन में किस प्रकार हमें स्वच्छता




का ध्यान रखने से कई सारे बिमारियों से बच सकते है और आरोग्य भारती का स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रयास अत्यंत ही प्रशंसनीय है लोगों को जागरूक करने में,अपने विचार प्रकट किए। यदि हम छोटी- छोटी बातों का ध्यान रखें तो हम काफी हद तक डॉक्टर के पास जाने से बच सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ वैभव जी जैन द्वारा प्राथमिक उपचार करके हम कैसे स्वयं का इलाज कर सकते हैं और हमें स्वस्थ रहने के लिए क्या-क्या तरीके अपना सकते हैं उसपर विस्तार से बताया गया। स्वयं किस प्रकार नाड़ी की जांच कर सकते हैं तथा जरूरत पड़ने पर कार्डिएक अरेस्ट से मुसीबत के समय पर कैसे बचा जा सकता है और इसकी क्या प्रक्रिया है विस्तार से बताया गया। अभी गर्मी के मौसम में किस प्रकार की सावधानी रखनी चाहिए और अपने घर के औषधीय पौधों से उपचार कैसे किया जाय जिससे हम स्वयं स्वस्थ्य रह सकते हैं, आदि की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन आरोग्य भारती जिला सचिव संजय महाराणा ने किया और आभार दशरथ पाटीदार विद्यालय के प्राध्यापक ने प्रकट किए और आरोग्य भारती द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमो की भूरी- भूरी प्रशंसा की।विद्यालय के समस्त स्टाफ,छात्र और छात्राओं की कुल संख्या 198 रहीं।



# पहलगाम में हुई आतंकी घटना में दिवंगतों को वाल्मीकि समाज ने कैण्डल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वाल्मीकि समाज मंदसौर द्वारा स्थानीय गांधी चौराहा पर कैण्डल जलाकर विगत दिनों पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही भारत सरकार से आतंकवादियों व पाकिस्तान पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

इस अवसर पर सकल वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर ने कहा आज हम यहाँ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए 26 निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह हमला न केवल हमारे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार है, बल्कि मानवता के मूल्यों पर भी एक गंभीर आघात है। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के पटेल मुकेश चनाल ने कहा कि हमारे बीच से छिन गए ये अमूल्य जीवन कभी वापस नहीं आ सकते, लेकिन हम उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उनकी स्मृति में हम सभी को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष करना होगा और शांति, सहिष्णुता तथा भाईचारे के मूल्यों को और भी दृढ़ता से अपनाना होगा। इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए और आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। साथ ही, हमें अपने स्तर पर भी सतर्क रहना होगा और समाज में जागरूकता फैलानी होगी। इस अवसर पर महिला प्रमुख हेमा कंडारे, जया डागर, दीपिका बोयत, कला सोनवाल, पारस जादू, टीना कोदड़ी, गुड्डी कोठियाना, अर्चना डागर, नीता तंवर, दुर्गा तंवर, रानी छपरी, रूकमणी तंवर, नीतु तंवर, करिना रानवे, शिवानी रानवे, अपाक्स जिलाध्यक्ष चेतन गंनछेड, विक्की तंवर, सतीश खेरालिया, मंगल कोटीयाना, विनोद छपरी, भेरूलाल बारवासिया, महेन्द्र तंवर, मुकेश हंस, अरूण डगले, अर्जुन तंवर, विशाल चनाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 मई तक

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदन हेतु MPTAAS पोर्टल पुन: प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम दिनांक 31 मई निर्धारित की गई है।जिले में संचालित समस्त महाविद्यालयों को निर्देषित किया जाता है, कि संस्था में अध्ययनरत वर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रों के MPTAAS पोर्टल पर आवेदन जमा किए जाए।

# श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठजी) मंदिर की दानपेटियों से निकली 5 लाख 15 हजार रू. की दान राशि



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम लदूसा स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठजी) मंदिर अंचल ही नहीं पूरे देश में ख्याति अर्जित करता जा रहा है। यहां विराजित भगवान श्री सांवलिया सेठजी के दर्शनार्थ दूर-दूर से भक्त आ रहे है। यह हर चौदस पर खुलने वाली दान पेटियों से प्राप्त राशि से स्वत ही पता चल रहा हैं। इस बार कृष्ण पक्ष की चौदस 26 अप्रैल को मंदिर की दानपेटियों से 5 लाख 15 हजार 18 रू. की दान राशि प्राप्त हुई। जिसे मंदिर समिति के बैंक खाते में जमा किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महेश व्यास लदूसा ने बताया कि मंदिर में होने वाले भव्य धार्मिक आयोजन दर्शनार्थियों को अपनी और आकर्षित कर रहे है। यहां की समिति द्वारा विगत दिनों आयोजित सांवरिया सेठ के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भव्यातिभव्य भजन संध्या में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भजनों का आनन्द लिया था। महेश व्यास लदूसा ने बताया कि आज 27 अप्रैल, रविवार को अमावस्या के दिन सायं 7.30 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन रखा गया है। उसके पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन किया गया है जिसके लाभार्थी श्री राधेश्याम, दिनेश, पिता गिरजाशंकर जोशी गांव सोलारपुरा बड़ा जिला प्रतापगढ़(राज.) परिवार रहेंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मालुजनों से महाआरती व महाप्रसादी में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# विहिप व बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगांव की बेसरन घाटी में पाक परस्त आतंकवादियो द्वारा हिन्दू पर्यटकों की धर्म पूछकर चुन-चुन कर हत्या करने के विरोध स्वरूप राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन देशभर में किया जा रहा है और उसी आतंकवाद एवं पाकिस्तान के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल मन्दसौर नगर द्वारा विश्वपति शिवालय गाँधी चौराहा मन्दसौर पर सर्व समाज प्रमुखों की उपस्थिति में पाक परस्त आतंकवाद का पुतला दहन कर दिवंगतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा पाकिस्तान व आतंकवाद के विरोध में नारेबाजी भी की।

इस दौरान सभी समाज प्रमुखो ने आक्रोश व्यक्त कर केंद्र सरकार से त्वरित बदले की कार्यवाही करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि पूरा हिन्दू समाज इस घटना से क्षुब्ध व आक्रोशित है और केंद्र सरकार के द्वारा लिये गए राष्ट्रहित के निर्णयों के साथ खड़ा है। आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में आक्रोश व पुष्पांजलि कार्यक्रम में सर्वश्री गुरुचरण बग्गा, डॉ. प्रवीण मण्डलोई, हेमन्त बुलचंदानी, डॉ. रविन्द्र सोहोनी, विकास भण्डारी, सुरेन्द्र कुमार रामावत, सत्येन्द्रसिंह सोम, ब्रजेश जोशी, हरिशंकर शर्मा, एम.पी. सिंह परिहार, कमल कोठारी, बंशीलाल टांक, नरेन्द्र उदिया, नरेश परमार, विजय कोठारी, गुरुदीपसिंह छाबडा तथा मातृशक्ति में श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, श्रीमती अल्पना दीदी, श्रीमती प्रीति रेकले ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, लक्की बडोलिया, प्रकाश पालीवाल, प्रतीक व्यास, रूपनारायण मोदी, वरदीचंद कुमावत, गोविन्द नागदा, अमरदीप कुमावत, शंकर शर्मा, गौरव राजपूत, लक्की गौसर, गौरव शर्मा, अजय ग्वाला, नन्दूभाई आड्वानी, उमेश पारिख, राम कोटवानी, रविन्द्र पाण्डेय, विनय दुबेला, सुनील जैन महाबली, विनोद मेहता, जीवन गोसर, जगदीश मण्डवारिया, वासुदेव सेवानी, अरुण शर्मा, नरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, योगेश गुप्ता, अनिल कियावत, सुनील बसंल, वीरेन्द्र आर्य, नरेन्द्र त्रिवेदी, अशोक विजयवर्गीय, नरेन्द्र बंधवार, फूंदासिंह सिसोदिया, सिद्धार्थ अग्रवाल एवं मातृशक्ति श्रीमती निर्मला गुप्ता, वंदना भावसार, सुनीता भावसार, भावना पमनानी, रमा माथुर सहित बडी संख्या में विहिप / बजरंगदल / मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियो के साथ अनेक सामाजिक, धार्मिक संगठनो के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल सोनगरा ने किया।

# श्री सेनजी महाराज के जन्मोत्सव पर नगर में निकली ध्वजा यात्रा

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मेवाडा सेन समाज पंचायत श्री सत्यनारायण श्री बालाजी मंदिर खानपुरा द्वारा परिवार द्वारा सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणी श्री सेनजी महाराज जन्मोत्सव बडे ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। समाजजनों ने इस वर्ष उत्साह के साथ प्रथम बार भव्यातिभव्य ध्वजा यात्रा के साथ चल समारोह निकाला। मंदिरजी के शिखर पर ध्वजा चढाई। मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई कर आकर्षक रूप से सजाया गया तथा मंदिर में विराजित सेनजी महाराज, माँ नारायणी माता सहित सभी श्रीविग्रहों का भव्यातिभव्य श्रृंगार किया गया।

सर्वप्रथम खानपुरा स्थित समाज के श्री बालाजी मंदिर पर पूजा अर्चना कर ध्वजा व चल समारोह का शुभारंभ समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया, समाज के वरिष्ठ नंदकिशोर राठौर, फकीरचन्द परिहार, सत्यनारायण सकवाया, सेन युवा संगठन अध्यक्ष विनोद परिहार, माँ नारायणी माता महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती कलादेवी गंगवाल सहित समाजजनों की उपस्थिति में हुआ। सभी सेन बन्धु परिवार सहित इस चल समारोह में सम्मिलित हुए। मातृशक्ति लाल वस्त्र व पुरुष सफेद वस्त्र में शामिल हुए। समाज के युवा, मातृशक्ति व बच्चों में उत्साह व उमंग के साथ उपस्थित रहे। बैण्ड बाजे व ढोल ढमाकों के साथ निकले चल समारोह में आगे-आगे घोडे चल रहे थे व शाही बग्गी पर सेनजी महाराज व माँ नारायणी माता, ब्रह्मलीन संत श्री अनुरागी बापूजी की भव्य तस्वीर विराजित की गई। समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि ध्वजा यात्रा के लाभार्थी राकेश शुभम मारोठिया परिवार एवं कलश के लाभार्थी श्रीमती ज्योति सेन, कुंजल सेन (सीतामऊ) परिवार, घोडे पर बैठने के लाभार्थी नागेश्वर चौहान परिवार रहे। बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुआ चल समारोह विभिन्न मार्गों से होता हुआ सत्यनारायण की बगीची खानपुरा पहुंचा। मार्ग में जिला कांग्रेस परिवार, अ.भा. साहित्य परिषद ने पुष्पवर्षा कर व आइसक्रीम के साथ चल समारोह का स्वागत किया।

सत्यनारायण की बगीची में मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। उसके बाद सेनजी महाराज, माँ नारायणी माता व मंदिर में विराजित सभी श्रीविग्रहों की महाआरती की गई। उसके पश्चात् भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मेवाडा सेन समाज के ईश्वरलाल गंगवाल, मगनीराम गंगवाल, डॉ घिसालालजी गंगवाल प्रकाश मारोठिया अशोक चौहान, विनोद परिहार, महेश परिहार, संतोष गंगवाल, महेश चौहान, कमल बी मारोठिया, राकेश मारोठिया, दिनेश गेहलोद, शैलेन्द्र मारोठिया अक्षय गेहलोद, राजेश, नागेश मारोठिया, कमल रूपकुमार मारोठिया, दीपक मारोठिया पियुष सकवाया, कालूभाई सेन, सत्यनारायण सकवाया, नागेश्वर चौहान,



कमलेश मारोठिया, आदित्यसेन मारोठिया, मुकेश सेन राणाखेडा, श्याम सेन राणाखेडा, सत्यनारायण सकवाया चित्तौड़गढ, कनक कनिष्का गेहलोद निम्बाहेडा अजय पंवार, सत्यनारायण मारोठिया, महेश गेहलोत शरद सकवाया अंकुश मारोठिया कुणाल पवार अमित मारोठिया राहुल मारोठिया आशीष गंगवाल हर्ष चौहान अजय गहलोत गौरव गहलोत रुद्र सेन तनिष्क मारोठिया अनिकेत मारोठिया रुद्र चौहान पितेश परिहार सहित बडी संख्या में समाजजन, मातृशक्ति, युवा व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आदित्यसेन मारोठिया ने किया व आभार विनोद परिहार ने माना। उक्त जानकारी महेश परिहार ने दी।

# गुजराती सेन समाज ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज का 725वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज मंदसौर नगर इकाई द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणी श्री सेनजी महाराज का 725वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज द्वारा बड़े उत्साह के साथ नगर में विशाल व भव्य चल समारोह निकाला। साथ ही महाआरती एवं समाजजनों की भोजनप्रसादी का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन ने सहभागिता की।

सेन जन्मोत्सव पर 25 अप्रैल को समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये। इस दिन सायं 4 बजे स्वामी श्री कृष्णानन्द सेन छात्रावास कैलाश मार्ग से भव्य चल समारोह निकला। जो बस स्टेण्ड बड़े बालाजी, घण्टाघर, शुक्ला चौक, कालाखेत होकर पुन: कृष्णानन्द सेन छात्रावास पहुंचा। बैण्ड बाजे व ढोल ढमाकों के साथ निकलले इस चल समारोह में समाज की माता बहने चुनरी व औरेंज साड़ी में तथा पुरूष सफेद कुर्ता पजामा व ड्रेस में सम्मिलित हुए। साथ ही भव्य बग्गी में सेनजी महाराज की प्रतिमा विराजित कर चल समारोह में साथ चली। चल समारोह का मार्ग में अनेक जगह पुष्पवर्षा तक स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन श्री कृष्णानन्द सेन छात्रावास पर हुआ। जहां पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री विपिन जैन व भाजपा कार्यसमिति सदस्य श्री



अनिल कियावत उपस्थित रहे। अतिथियों व समाजजनों ने सेनजी महाराज की महाआरती की। महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री जैन ने कहा कि सेनजी महाराज सिर्फ सेन समाज के ही संत नहीं है उन्होंने सर्वसमाज के भलाई का संदेश दिया है, वह सभी के लिये पूजनीय है। उनके बताये मार्ग पर चलकर हम देश को उन्नति के मार्ग पर ले जा सकते है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य श्री कियावत ने कहा कि सेन समाज परिश्रम समाज है। अपने पुरुषार्थ के बल पर सेन समाज ने अच्छा मुकाम हासिल किया है। सेन समाज के लोग आज विभिन्न पदों पर आसीन है व राजनीति व सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। गुजराती सेन समाज के नारायणलाल गेहलोत, वरदीचंद खिंची, रविन्द्र चौहान, डॉ. राजेश बोराना, सागरमल बोराना, प्रहलाद परिहार, एड. राजेश सौलंकी, एड. उमेश परमार, शेखरराज चौहान, अर्जुनसेन राठौर (छोटू), अंतिम देवड़ा, मनीष राठौर (मोनू), हरिश परमार, अनिल परिहार, विजय जागीरदार, राजेश परिहार, सतीश देवड़ा, राजेश परमार, मुकेश चौहान, अशोक परमार, अमरचंद राठौर, प्रमोद चौहान, ब्रजेश टांक, राजेश चौहान, बद्रीभाई गेहलोद, बादल परिहार, दीपक गेहलोद, घनश्याम परमार, महेश परिहार, विजय गेहलोद (गोटू), मनोज गेहलोत सहित सभी समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश सेन सम्राट ने किया व आभार अंतिम देवड़ा ने माना।

# पहलगाम हादसे के बाद जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों के घर ढहाए गए

**श्रीनगर, 26 अप्रेल।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के घरों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम और शनिवार को की गई।



पुलवामा जिले के मुरान गांव में आतंकी एहसान-उल-हक शेख का घर ढहाया गया। कुलगाम जिले के मटालहामा गांव में आतंकी जाकिर अहमद गनी का घर तोड़ा गया, जो 2003 से सक्रिय है। वहीं, शोपियां जिले के चोटीपोरा गांव में आतंकी शाहिद अहमद कुटे के घर को भी ध्वस्त किया गया, जो 2002 से आतंकी गतिविधियों में शामिल है। इसके पहले, शुक्रवार को पहलगाम हमले में शामिल दो अन्य आतंकियों, आसिफ अहमद शेख (त्राल) और आदिल ठोकर (बिजबेहरा) के घरों को भी तोड़ा गया था। पहलगाम आतंकी हमले पर पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों और प्रायोजकों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसके बारे में उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ सुरक्षा समीक्षा की और सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वालों को पकडने के लिए हर जरूरी बल का उपयोग करें। पिछले छह दिनों से ड्रोन, हेलीकॉप्टर और अन्य तकनीकों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकी कश्मीरी पंडितों और घाटी में काम करने वाले गैर-स्थानीय लोगों को टारगेट कर सकते हैं।

## स्लॉट बुक करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों की गेहूँ विक्रय करने के लिए स्लॉट बुक की अंतिम तारीख 30 अप्रैल तक है।अत: जिन पंजीकृत किसानों द्वारा स्लॉट बुक नही कराये गये है उन किसान भाईयों से अनुरोध है कि 30 अप्रैल के पूर्व अपना गेहूँ विक्रय स्लॉट बुक करा लेवे। समर्थन मूल्य पर खरीदी 05 मई तक की जाएगी।

## भीषण गर्मी में स्ट्रीट डॉग, पशु, पक्षियों के रक्षार्थ चारा, दाना एवं पानी की व्यवस्था जनमानस करें

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुये सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों के आस-पास पक्षियों के लिये पेड़ों पर पानी के पात्रों को लगवाये जाएँ एवं उनमें प्रतिदिन पानी की उपलब्धता की जायें, जिन क्षेत्रों में पक्षियों की आवाजाही अधिक रहती है वहाँ के पेड़ों पर दाने के लिये पात्रों की व्यवस्था की जावें। क्षेत्र मंन विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट डॉग एवं पशुओं के लिये पानी एवं खाने की व्यवस्था की जाएँ, जिससे आम जनमानस को डॉग बाईट से बचाया जा सकें। सामाजिक संस्थाएँ एवं आम जनमानस स्ट्रीट डॉग पशुओं एवं पक्षियों के रक्षार्थ में अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि स्ट्रीट डॉग, पशुओं एवं पक्षियों को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सकें।

# पालिटेक्निक कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर सम्पन्न

**नीमच, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के तहत जिले म 22 से 26 अप्रैल 2025 तक विशेष नशा मुक्ति सप्ताह आयोजित किया गया। इसी क्रम में 26 अप्रैल 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के अध्यक्ष, श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नीमच में विशेष नशा मुक्ति



जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जावद, श्री विनोद कुमार पाटीदार ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जीवन में संयम एवं अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सहज एवं सरल भाषा में विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नशे को एक गंभीर सामाजिक बीमारी बताया और इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य विधिक प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने योग, प्राणायाम तथा ज्ञान के माध्यम से चित्त को एकाग्र करने के उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान दिया। जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री प्रवीण कुमार ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं जैसे विधिक सहायता एवं सलाह योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 तथा पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य श्री संजय विश्वकर्मा, प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# श्री राम कथा का शंखनाद अमृत कलश यात्रा से हुआ

**नीमच, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बालाजी नवयुवक मंडल रामपुरा दरवाजा के तत्वाधान में नौ दिवसीय अमृत कलश स्थापना महोत्सव एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित श्री राम कथा का शंखनाथ 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे वीर हनुमान मंदिर रामपुरा दरवाजा जावद स्थित गणपति मंदिर पर पुजा अर्चना कर कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं लाल पीले परिधानों में अमृत कलश सिरोधार्य किये सहभागी बनीं। बैंड बाजे पर श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न भजनों की स्वर लहरियां बिखर रही थी।



श्री राम कथा के प्रथम दिवस श्री राम जी की पूजा अर्चना के बाद राम कथा में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए पंडित दशरथ शर्मा भाई जी ने कहा कि श्री राम का जीवन चरित्र आदर्श प्रेरणादाई चरित्र है। श्री राम ने जो जीवन पर्यंत किया उसे जीवन में आत्मसात करें तो हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। तुलसी का पौधा हमारे घर आंगन में होना भगवान की भक्ति से जुड़े होने का संकेत होता है।आधुनिक युग में मानव सुविधा भोगी बन रहा है कथा में भी उसे ठंडा कूलर चाहिए। भगवान की भक्ति के लिए उसके पास समय नहीं है। संसार के पाप कर्मों र्से जुड़ने के लिए उसके पास बहुत समय है चिंतन का विषय है। यदि घर आंगन में तुलसी का पौधा हो तो सारे वास्तु दोष दूर हो जाते हैं परिवार जनों के सारे कष्ट और रोग दूर हो जाते हैं। पूरी लंका में एक विभीषण राम भक्त था तो लंका में रावण को तपस्या में बहुत सफलता मिली थी।विभीषण भेद बुद्धि के परिचायक है।वह भक्ति राम की करते थे और रावण का हित सोचते थे। मनुष्य भी भक्ति तो राम की राम नाम जाप की करता है लेकिन हित परिवार का सोचता है चिंतन का विषय है। विभीषण ने रावण की नाभि में उनकी मृत्यु का कारण बता दिया था। मनुष्य जीवन में हम जब भी भक्ति तपस्या करें जगत के कल्याण की बात करें। मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए परिवार जनों के हित की बात करता है चिंतन का विषय है। हमें भगवान की भक्ति कर भगवान पर विश्वास करना चाहिए लेकिन हम संसार के पाप कर्म कर संसार पर विश्वास ज्यादा करते हैं। विभीषण ने रावण से को कहा था कि सीता जी को श्री राम को सौंप दो तो तुम्हारा कल्याण हो जाएगा। मनुष्य संसार में परमात्मा को जाने बिना और परमात्मा का नहीं हो सकता है। आधुनिक युग में माता-पिता 25 साल तक दुख देख कर अपने बच्चों को बड़ा करते हैं और बच्चा एक दिन माता-पिता से कहता है कि आपने मेरे लिए किया ही क्या है जो कुछ किया है मैंने किया है उसे समय माता-पिता के लिए बहुत दुखद घड़ी होती है। इसलिए युवा वर्ग को चाहिए की माता-पिता का आदर करें उनकी बातों को धैर्य पूर्वक सुने और अपनी सहनशीलता का परिचय देते हुए माता-पिता की आज्ञा का पालन करें तो उनका कल्याण हो सकता है। हम जब भी भक्ति तपस्या करें तो भगवान से भगवान के सिवा कुछ नहीं मांगना चाहिए। लेकिन मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है वह स्वार्थ के कारण अपने परिवार के कल्याण की प्रार्थना करता है। महाराज श्री ने प्रयागराज त्रिवेणी, अयोध्या भारद्वाज ऋषि याज्ञवल्य संवाद, तुलसीदास जी द्वारा राम कथा की रचना, सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के वर्तमान परिपेक्ष में महत्व पर प्रकाश डाला। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आरती व रामायण पौथी पुजन में पूनम प्राची ,भूमिका मंदारिया द्वारा प्रसाद वितरण करवाया गया। कलश यात्रा में जावद नगर पालिका अध्यक्ष सोहन माली , उपाध्यक्ष सूचित सोनी,सरवानिया महाराज नगर पालिका अध्यक्ष रूपेंद्र जैन, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु वक्त उपस्थित थे। धर्म सभा का संचालन एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा ने किया। श्री राम कथा पंडित दशरथ शर्मा भाई जी के श्री मुख से प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रवाहित होगी।

**यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी-** यज्ञ आचार्य कैलाश नारायण शर्मा सीतामऊके सानिध्य में 30अप्रैल को प्रायश्चित कर्म यज्ञ मंडप प्रवेश, स्थापित देवता पूजन,यज्ञ शुभारंभ सुबह 8 से12 बजे तक एवं शाम 4से 6 बजे तक प्रतिदिन पंच कुंडात्मक पंच दिवसीय यज्ञ में विद्वान पंडितों की उपस्थिति में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हजारों आहुतियां दी जाएगी।

## दशपुर रंगमंच ने पहलगाम में दिवंगत हुए पर्यटकों को भजनों की माध्यम से श्रद्धांजलि दी

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर रंगमंच ने पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरूआत में आबिद भाई ने भजन गाया सुख के सब साथी दु:ख में न कोय ।अभय मेहता ने भजन इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रस्तुत किया। राजा भैया सोनी ने भजन तूही पिता है राम गाया। सतीश सोनी ने भजन प्रभुजी तुम चंदन हम पानी सुनाया। श्याम गुप्ता ने भजन देश तमाशा लकडी का प्रस्तुत किया। लोकेन्द्र पाण्डे ने भजन बोल बन्दे कृष्णा-कृष्णा गाया। हरिश दवे ने भजन तुझमे नारायण मुझमें नारायण की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभय मेहता ने बताया कि पहलगाम में आतंकी वारदात बहुत ही दर्दनाक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दे। इस दौरान गायक चेतन व्यास के दुखद निधन पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशानिर्देशानुसार तथा श्रीमान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंदसौर श्रीमान् कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय मंदसौर तथा तहसील न्यायालय गरोठ, भानपुरा, सीतामऊ, नारायणगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 10 मई 2025 शनिवार को किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिगृहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल, टेलीफोन बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामले जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, दीवानी मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रिलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जावेगा।इस लोक अदालत में म.प्र. पश्चिम विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए दिनांक 10 मई 2025 (शनिवार) को होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृशि 05 किलो वाट भार तक के गैर घरेलु, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट दी जावेगी।

**प्रिलिटिगेशन स्तर पर :-** कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जानें पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्श की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट की जावेगी।

**लिटिगेशन स्तर पर :-** कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्श की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जावेगी।उपरोक्तानुसार छूट निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के तहत दी जावेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेश देय अंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुशत भुगतान करना होगा।उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी।दिनांक 10 मई 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि रू. 10 लाख मात्र तक के प्रकरणों के लिये सिमित रहेगी।यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 10/05/2025 में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।लोक अदालत के संबंध में जानकारी एवं कठिनाईया किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के कार्यालयीन समय में जिला विधिक सहायता अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर राघव शक्तावत दे रहे 20 व्यक्तियों को रोजगार

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के रहने श्री राघव राज सिंह शक्तावत ( 8770289824) ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर 25 लाख का लोन लिया। जिस पर इन्हें 10 लाख रुपए की सब्सिडी मिली। जिस पर इन्होंने शक्तावत फार्म हाउस की स्थापना की और उसी के माध्यम से इन्होंने हेचरी के माध्यम से अंडों द्वारा स्पॉन और फ्राय निर्माण का काम शुरू किया। आज इनका काम इतना बढ़ चुका है कि ये 20 से 30 व्यक्तियों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।



श्री शक्तावत ने बीएससी एग्रीकल्चर से किया और उसके पश्चात ये मत्स्य उत्पादन के काम में लग गए। इनके पिताजी भी यह कार्य किया करते थे। लेकिन बहुत छोटी मात्रा मे करते थे। ये पहले मछली उनके बीज गुजरात से लाते थे। फिर यहां पर स्पॉन का निर्माण करते थे। लेकिन इन्होंने अपनी स्वयं की हेचरी स्थापित की और यही से मछलियों के अंडों से स्पॉन और फ्राय बनाने लगे और यही से अन्य किसानों या व्यक्ति को बेचते हैं। जिससे इनको साल भर का 50 लाख रुपए प्राप्त होते हैं, सभी तरह के खर्चे काटकर इनको 20 से 25 लाख रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हो जाता है। श्री शक्तावत का कहना है कि 30 करोड़ अंडों से लगभग 2 करोड़ स्टैंड फ्राय तैयार होते हैं और इनमें से 5 लाख फिंगर लिंग (बच्चे) तैयार होते हैं। कतला, कामन कार, ग्रास कार के 1000 फ्राय 250 रुपए में विक्रय करते हैं। रहु और नरेद के 1000 फ्राय 150 रुपए विक्रय करते हैं। फिंगर लिंग जिसकी साइज 2 से 3 इंच की होती है। उनको एक रुपए में एक विक्रय करते हैं। इनको ये मंदसौर लोकल, राजस्थान, उदयपुर, चित्तौड़, पाली, भीलवाड़ा, नीमच, रतलाम, धार, बदनावर, आलोट, आगर, इंदौर, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, झाबुआ इत्यादि अलग-अलग स्थान के व्यक्तियों को बेच देते हैं। स्टैंड फ्राय, फिंगर लिंग के लिए खाने की व्यवस्था करते हैं। उनको सरसों का खाल, सरसों का तेल, तालाब में दवाई डालते हैं। ऐमोक्सी शिलिंग 650 एमजी, प्रो मैक्स, तालाब की नियमित साफ सफाई करते है। पोटेशियम मैग्नेट तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है। सोफेमस एक एंटी फंगस का काम करता है। जो मछलियों की ग्रोथ बढ़ाने का काम करता है। शक्तावत फार्म हाउस को और अधिक बड़ा रूप प्रदान करना चाहते हैं। हरियाणा और गुजरात तक इनका विक्रय बड़े इसके लिए प्रयासरत हैं। आने वाले समय में उच्च गुणवत्ता और सस्ती फ्राय, फिंगर लिंग किसानों को उपलब्ध कराएंगे। जिसे किसानों को कहीं दूर जाना न पड़े। श्री शक्तावत किसानों को संदेश देते हैं कि परंपरागत तरीके के साथ नए-नए तरीके, आधुनिक तरीके से कृषि और फार्म हाउस करें। इसमें अधिक उत्पादन होता है और आय भी अधिक होती हैं। मछली पालन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। एक बीघा में जो आय होती हैं। अगर मछली पालन करते हैं तो उसकी तीन गुना आय हमें प्राप्त होती हैं। इसके साथ ही मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं अन्य तरह के व्यवसाय भी कर सकते है।

# गांधीसागर के निकट चंबल नदी पर बनेगा साढ़े चार किमी लंबा पुल

## मल्हारगढ़ से गरोठ की दूरी 60 किमी होगी कम, सात दिन में तैयार होगी डीपीआर

**टिडवास से चचावदा पठारी तक बनेगा नया ब्रीज**



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में गांधीसागर के निकट चंबल नदी पर नए पुल का निर्माण होगा। यह पुल 08 मीटर चौड़ा और 4.3 किलोमीटर लंबा होगा। इस पुल के बनने से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ और गरोठ विधानसभा क्षेत्रों के बीच की दूरी 40 से 60 किमी तक कम हो जाएगी।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य जैतराम पाटीदार वर्ष 2010 से इस पुल के प्रयास में थे। 2015 में तत्कालीन कलेक्टर स्वतंत्र कुमार सिंह ने पुल की डीपीआर तैयार करवाई थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसकी स्वीकृति दी थी। लेकिन, तब पुल का निर्माण नहीं हो पाया। 05 मार्च को जैतराम पाटीदार, मुकेश चौधरी, प्रहलाद पाटीदार और जनपद सदस्य बाबूलाल भाटी का प्रतिनिधिमंडल भोपाल में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मिला। इसके बाद शनिवार को सेतु निर्माण की टीम ने चचावदा पठारी गांव में सर्वे कार्य किया। अब 07 दिनों में नई डीपीआर तैयार होगी। यह पुल 2028 के उज्जैन सिंहस्थ मेले के लिए भी अहम होगा। राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र के 14 जिलों, मध्य प्रदेश के मंदसौर-नीमच और गुजरात के कई जिलों से उज्जैन जाने वालों को इस मार्ग से लाभ मिलेगा। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और गरोठ-उज्जैन फोरलेन से जुड़ने से क्षेत्र के लोगों को दिल्ली, मुंबई, भोपाल, उज्जैन और इंदौर जाने में सुविधा होगी। इससे व्यापारिक और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

**इस पुल का पर्यटन क्षेत्र में भी बड़ा योगदान रहेगा**–मंदसौर जिले में 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एक बड़ी सौगात दी है, चीता प्रोजेक्ट के तहत दो चीते छोड़े गए है। गांधी सागर झील, हिंगलाजगढ़ का किला, देवी स्थान, पशुपतिनाथ मंदिर, आरोग्यधाम मां दुधा खेड़ी मंदिर, अति प्राचीन धर्मराजेश्वर मंदिर, भादवा माता मंदिर, आयुर्वेद में तक्षक महादेव विश्व की प्रसिद्ध जड़ी बूटियों के लिये प्रसिद्ध स्थान इस क्षेत्र में सम्मिलित है। जिसमें इस पुल की अहम भूमिका होगी।

## असामाजिक व्यक्तियों की जांच हेतु सभापति ने लिखा एसपी को पत्र



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती निर्मला नरेश चन्दवानी, सभापति, लोकनिर्माण उद्यान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग नगर पालिका परिषद, मंदसौर ने जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद को एक पत्र लिखकर की गंभीर विषय की ओर ध्यान आर्कषट करवाते हुए मांग की है कि मंदसौर नगर के रेल्वे स्टेशन क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध असामाजिक व्यक्तियों की जाँच की जाये।

पत्र में नपा सभापति श्रीमती चंदवानी ने बताया कि दशरथ आईलमील एरिया, तिरुपति होटल के सामने, रेल्वे स्टेशन के आसपास कई संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही बनी रहती है यह लोग कोन है, कहाँ से आये है, कहाँ के नागरिक है ? इसकी जाँच करना अति आवश्यक है। इस क्षेत्र में अशांति, लगातार चोरी की घटनाएं, तथा हत्याएं भी पूर्व में हो चुकी है। इस क्षेत्र की सघन जाँच / चेकिंग कर असामाजिक व्यक्तियों को चिन्हित कर तथा रोहिंग्या, बांग्लादेश नागरिक हो तो इन्हे तत्काल बाहर करने का निवेदन पत्र में किया गया है।

## पिपलिया विशनिया का राहुल साथी के साथ कार से देना आया था डोडाचूरा, ट्रक ड्राइवर रिमाण्ड पर

**मल्हारगढ़, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा तस्करी में धराए ट्रक ड्राइवर को कोर्ट ने एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। वहीं दो आरोपी फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने हाईवे पर खेरखेड़ा फन्टे पर ट्रक जीजे 12 एवाय 5225 की तलाशी के दौरान 105 किलो डोडाचूरा बरामद किया था। मामले में ट्रक ड्राइवर ने अपनी पहचान अनोप दान (60) पिता रेत दान चारण निवासी मतोड़ा, जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर डोडाचूरा व ट्रक जब्त की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया उक्त डोडाचूरा पिपलिया विशनिया निवासी राहुल पिता हीरालाल पाटीदार व एक अन्य व्यक्ति के साथ बिना नम्बर की कार से देने आए थे। पुलिस ने इन दोनों पर भी केस दर्ज किया है। जो फरार है। इधर मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्रकुमार पंवार ने बताया आरोपी को शनिवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया, जिसे एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। आरोपी से पूछताछ जारी है।

**16 दिन बाद भी ढाबा संचालक फरार:-** एक अन्य डोडाचूरा तस्करी के मामले में ढाबा संचालक अभी भी फरार है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को मल्हारगढ़ पुलिस ने सूठोद गांव में 77 क्विंटल डोडाचूरा समेत ट्रक ड्राइवर मछीवाड़ा (पंजाब) निवासी सुखविन्दरसिंह पिता बिकरसिंह जाट व सुरेन्द्रसिंह पिता दरबारसिंह सिख को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को डोडाचूरा ढाबा संचालक सोनी निवासी कैलाशचन्द पिता अम्बालाल मेघवाल से लाना बताया था। पुलिस ने कैलाश को भी आरोपी बनाया था। जो 16 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## भारत विकास परिषद का प्रांतीय एवं मंदसौर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आज

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समपर्ण के ध्येय पथ पर अग्रणी रहकर सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में अव्वल रहने वाली प्रमुख संस्था भारत विकास परिषद का मध्यभारत पश्चिम प्रांत एवं मंदसौर इकाई का दायित्व ग्रहण समारोह आज भगवान श्री पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर में होने जा रहा है। समारोह निरंजन पंचायती अखाडा हरिद्वार मायापुर पीठाधीश्वर अग्नपूर्णा शक्तिपीठ सेमिया धाम के पुज्य श्री 1008 स्वामी महामंडलेश्वर मधुसूधनानंदजी गिरी के पावन सानिध्य में तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। समारोह के विशिष्ट अतिथी उद्योगपति विशाल गोयल, अध्यात्म गुरु पं शिवकरण प्रधान अध्यक्ष खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट मंदसौर रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता सेन्ट्रल रीजन सुनील सिंहल तथा सचिव प्रदीप चौपडा शपथ अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

यह जानकारी मंदसौर इकाई के वर्तमान अध्यक्ष अजय शर्मा, नवीन अध्यक्ष डॉ आशीष अग्रवाल एवं सचिव दिलीप सेठिया, मीडिया प्रभारी लोकेश पालीवाल ने बताया कि समारोह आज वैशाख कृष्ण अमावस्या सं 2082 रविवार दिनांक 27 अप्रैल 2025को प्रात: 10.30 बजे से स्थानीय हॉटकेश्वर मांगलिक भवन नरसिंहपुरा मंदसौर पर सम्पन्न होगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद मंदसौर द्वारा संचालित विवेकानंद मेडिकल इक्विपमेंट सेवा केन्द्र स्थाई प्रकल्प का शुभारंभ भी होगा। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने आमंत्रित गणमान्यजनों से समारोह में पधारने का अनुरोध किया है।

# निजी स्कूलों में आरटीई से प्रवेश का टाइमटेबल घोषित

## पांच मई से शुरू होगी प्रक्रिया, हर कक्षा के लिए आयुसीमा भी तय

**भोपाल/मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नए शिक्षा सत्र के लिए निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को एडमिशन दिलाने राज्य शिक्षा केंद्र ने टाइम टेबल तय कर दिया है। 05 मई 2025 को नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य 07 मई से 21 मई तक किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला कलेक्टरो और जिला परियोजना समन्वयको को निर्देश देकर कहा है कि प्रदेश में नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाए। इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 05 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है।

कैलेंडर के अनुसार 05 मई 2025 को नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 07 मई से 21 मई तक किया जाएगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केंद्र में 07 मई से 23 मई तक होगा। रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जाएगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 02 से 10 जून तक किया जाएगा।

## सीबीएन के उप निरीक्षक की होटल में मौत

### सुबह नहीं उठे तो दरवाजा तोड़कर देखा, कमरे में मिले उल्टी के निशान

**नीमच, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अफीम तौल केंद्र पर तैनात केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो 'सीबीएन' के उप निरीक्षक अजय कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई है। वे तौल केंद्र के पास मेडिकल कॉलेज के सामने होटल आम्रपाली में ठहरे हुए थे।

सुबह जब उप निरीक्षक नहीं उठे, तो नारकोटिक्स विभाग के अन्य अधिकारी दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंचे। उन्होंने अजय कुमार को मृत अवस्था में पाया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सुबह करीब 10 बजे शव को बड़े अस्पताल ले जाया गया। होटल के कमरे की जांच में उल्टी के निशान मिले हैं। इससे उप निरीक्षक के किसी जहरीले पदार्थ के सेवन करने की आशंका है। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी और पुलिस टीम घटनास्थल पर मौजूद थी। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनो के सुपुर्द किया गगया। मामले में फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की है। उप निरीक्षक इन दिनो तौल केन्द्र की व्यवस्था देख रहे थे।

## गांधीसागर अभ्यारण्य में चीतों का दूसरा शिकार नीलगाय बनी

### प्रभास और पावक ने मारा, किसानों को फसलों के नुकसान से मिलेगी राहत

**भानपुरा, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर अभयारण्य में चीतों ने दूसरा सफल शिकार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से 20 अप्रैल को छोड़े गए प्रभास और पावक ने शुक्रवार रात एक नर नीलगाय का शिकार किया।

वन विभाग के प्रोटोकॉल के अनुसार अभयारण्य क्षेत्र में मोबाइल और फोटो कैमरे ले जाने की अनुमति नहीं है। यह शिकार क्षेत्र के किसानों के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि, नीलगाय उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाती थी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह शिकार चीतों के अगले तीन दिन का भोजन बनेगा। डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया है कि चीतों के लिए 64 वर्ग किलोमीटर का विशेष बाड़ा बनाया गया है। चीतों की सुरक्षा और निगरानी के लिए वन विभाग की 06 सदस्यीय टीम लगातार काम कर रही है। कुनो से लाए जाने के बाद से चीतों का मूवमेंट संतोषजनक रहा है। चीते हर दूसरे-तीसरे दिन शिकार कर रहे हैं। अभयारण्य में पहले से ही इनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। जब एक चीता शिकार करता है तो दूसरा सुरक्षा में तैनात रहता है। इसके बाद दूसरा चीता आकर अपने हिस्से का शिकार खाता है। चीते अभयारण्य में सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# निर्णय : पीजी के विद्यार्थियों को अब संविधान की भी करना होगी पढ़ाई

**भोपाल, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग ने पीजी अर्थात स्नातकोत्तर छात्रों के लिए संविधान, मानवाधिकार और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य कर दिया है। यह निर्णय राज्य के शिक्षा क्षेत्र में एक अहम बदलाव है, जिसमें अब सभी संकायों के विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों की शिक्षा प्राप्त करनी होगी। विभाग का उद्देश्य छात्रों को संवैधानिक जागरूकता से लेस करना है।

अब तक केवल कला संकाय के छात्रों को संविधान के सिद्धांतों का अध्ययन करना पड़ता था। लेकिन, अब यह विषय विज्ञान, गणित और वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है। इसे एक वैल्यू एडेड कोर्स के रूप में जोड़ा जाएगा, जो छात्रों को संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराएगा।

**अध्ययन मंडल करेगा पाठ्यक्रम का निर्माण**–संविधान के कौन से हिस्से और किस स्तर की जानकारी छात्रों को दी जाएगी, इसका निर्धारण अध्ययन मंडल करेगा। इसके माध्यम से छात्रों को संविधान के हर पहलू की गहरी समझ प्राप्त होगी, जिससे उनमें नागरिक जिम्मेदारियों का बोध बढ़ेगा।

**पाठ्यक्रम का वितरण और क्रेडिट अंक**–स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के चार सेमेस्टर के तहत यह विषय पढ़ाया जाएगा। छात्रों को इसे दूसरे या चौथे सेमेस्टर में पढ़ने का मौका मिलेगा। यह कोर्स दो क्रेडिट अंक का होगा और इसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा, ताकि सभी विद्यार्थियों को संविधान की अहमियत का पूरा ज्ञान हो सके

**बदली मूल्यांकन प्रणाली**–नई प्रणाली के तहत 60 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा से और 40 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन से निर्धारित होंगे। दोनों में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, अगर कोई छात्र प्रोजेक्ट या सेमिनार में असफल होता है, तो उसे सुधार का अवसर दिया जाएगा।

## श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन आज

**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी बैंक नईआबादी परिसर स्थित श्री सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में आज 27 अप्रैल रविवार को श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के द्वारा महाआरती व महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रात: 10 बजे मंदिर के सम्मुख हवन होगा। प्रात: 10.30 बजे हवन की पूर्णाहुति होगी तथा उसके बाद गणेशजी की भव्य महाआरती की जावेगी। महाआरती के उपरांत कन्या पूजन होता तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। महाप्रसादी का आयोजन प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा जो कि सायं 4 बजे तक किया जायेगा। मंदसौर नगर के सभी भक्तों की सुविधा के लिये महाप्रसादी के स्थल पर एयर कंडीशनर पंडाल की व्यवस्था रहेगी। सभी गणेश भक्तों से निवेदन है कि, वे महाप्रसादी व महाआरती के आयोजन में शामिल हो।

# मंदसौर में 3 मई को होगी एग्रीकल्चर कान्क्लेव-कृषि मंत्री

## किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि आगामी 3 मई को मंदसौर में एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। सरकार द्वारा उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल के बोझ से मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान, खेती की नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें। इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है।

मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव में आधुनिक कृषि तकनीकों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कृषि के साथ खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित जानकारी मिलेगी। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी संभागों में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों का उद्देश्य किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित नवीनतम जानकारी और तकनीक से अवगत कराना है। साथ ही उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार ने अगले तीन साल में प्रत्येक साल में 10 लाख सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा है, जिससे किसानों को ऊर्जादाता बनने में मदद मिलेगी। सरकार ने इसके लिए अभियान शुरू कर दिया है और किसानों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत ऽ2047 के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिया है। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है। 'मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन में अब कृषि से जुड़े विभागों की योजनाएं एक मंच पर समन्वित रूप से क्रियान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हरसंभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौ-पालकों की आय बढ़ाने के साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है।

### नहीं मिल रहा चेलावत ...

पेज 1 से जारी

खोलने के बहाने 02 अप्रेल को डॉ कुमावत के घर डॉक्टर अभिषेक आया और डॉक्टर कुमावत और उनके भाई कन्हैयालाल कुमावत के साथ उसने पूरा घर देखा। उसके बाद बोला कि मैं आपके घर में 15 दिन में अस्पताल सेटअप कर दूंगा। मैंने अभी 2.5 करोड़ का मकान खरीदा है। मुझे रजिस्ट्री के लिए रुपए कम पड़ रहे है और 05 लाख रुपए मकान की रजिस्ट्री के लिए मांगे। जब चेक देने के लिए कहा तो डॉक्टर स्वेन ने मना कर केश की बात कही। 04 अप्रेल को एसबीआई मु,य ब्रांच के बाहर डॉ कुमावत ने आरोपी डॉक्टर अभिषेक को पांच लाख रुपए दिए। उसके बाद जब डॉक्टर कुमावत ने रुपए के लिए फोन लगाए तो स्वेन ने मोबाइल अटेंड नहीं किया और पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**मंदसौर, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत कयामपुर के तत्वावधान में कयामपुर गांव में पहली बार विशाल 7 दिवसीय एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 26 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित हो रहा है। जिसका शुभारंभ 26 अप्रैल, शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी भोपालसिंह मण्डलोई द्वारा किया गया। इस शिविर में थेरेपिस्ट अर्जुन कटारिया (एम.डी.) व प्रिंस विद्यार्थी तथा सहयोगी रामजी द्वारा अपनी सेवाएं दी रही है। यह शिविर 2 मई तक कयामपुर के पंचायत भवन में प्रात: 8 से दोप. 1 व दोप. 3 से सायं 7 बजे तक आयोजित हो रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भोपालसिंह मण्डलोई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित नहीं होते है। जिससे ग्रामवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। अभी 7 दिनों तक कयामपुर में आयोजित हो रहे इस शिविर का अधिक से अधिक लोग लाभ ले। उक्त जानकारी देते हुए जनपद सदस्य संजय मंडलोई, ग्राम सरपंच जगदीश माली सरकार, उपसरपंच दिनेश बिरमा ने बताया कि शिविर में विभिन्न बिमारियों का जैसे दमा, सांस, बवासीर, गठिया, रिगम (सायटिका), जोड़ो का दर्द, घुटनों का दर्द, एडी का दर्द, ब्लड प्रेशर का बढना-घटना, नजर की कमजोरी, लकवा, शुगर (1 साल पुरानी), मानसिक रोग, माइग्रेन, थायराईड, गुप्त रोग, शारीरिक दर्द, रीढ की हड्डी संबंधित रोग, गर्दन का दर्द (सरवाईकल), हाथ पैरों में दर्द व सुनापन, चक्कर आना, नाभि का खिसकना (धरन), मोटापा, लकोरिया (श्वेत प्रदर) व घात रोग आदि रोगो का ईलाज विदेशी मशीनों एवं एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा बिना दवाई के इलाज किया जा रहा है। रोगी को शिविर में 1 घण्टे के लिये आना होगा। असुविधा से बचने के लिये रोगी अपना रजिस्ट्रेशन मो.नं. 8003708162 पर करवाये। इस अवसर पर जनपद सदस्य संजय मंडलोई, सरपंच जगदीश माली सरकार, प्रिंस विद्यार्थी, देवीलाल परमार, मदन माली, दयाराम कुशवाह, देवीलाल माली, मनोहर मालवीय, राधेश्याम भाटी, प्रकाश गहलोद, गणेश राम आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति पर पुलिस ने केस दर्ज किया। झलारा निवासी शीतलकुंवर पति बबलूसिंह पंवार ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति शराब पीकर आए दिन झगडा करता है। सुबह 10 बजे घर का किराना सामान लाने की बोला तो पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे सिर पर चोंटे आई। पुलिस ने पति पर केस दर्ज किया।

### रास्ता रोककर पीटा

**पिपलियामंडी, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। जग्गाखेड़ी निवासी श्यामलाल पिता अम्बालाल भील ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जग्गाखेड़ी निवासी भेरुलाल पिता शंकरलाल भील व शंकरलाल पिता रामलाल भील ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की व लकडी से मारा, जिससे सिर, कान के पास चोंट आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### सड़क दुर्घटना में घायल ने दम तोड़ा

**पिपलियामंडी, 26 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार ने इलाज के दौरान उदयपुर में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को रात्रि 9 बजे खोखरा से आगे नेनोरा रोड पर खेड़ा खदान फन्टे पर ट्रक (एमपी 09 एचजी 9341) के ड्राइवर ने बाइक सवार नेनोरा निवासी दिनेश (52) पिता कचरुलाल वर्मा को टक्कर मार दी थी। घायल को मंदसौर जिला अस्पताल में उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात्रि दिनेश ने दम तोड़ दिया। पिपलियामंडी पुलिस ने दीपक वर्मा की रिपोर्ट पर मामले में दुर्घटना का केस दर्ज कर लिया था। तहरीर जांच के बाद ट्रक ड्राइवर पर और धारा बढ़ेगी।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन-0755-2767635, फैक्स-0755-2552406

### *** निविदा आमंत्रण सूचना ***

निविदा सूचना क्रमांक-1147/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/ भोपाल, दिनांक-22.04.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.05.2025 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_418009 | **टर्न की पद्धति पर**- खटोला जलाशय के शीर्ष एवं नहर निर्माण कार्य, जिसमें नाला क्लोजर, अर्थवर्क, स्लूस, वेस्टवियर, स्पिल कार्य, नहर निर्माण का मिट्टी कार्य लाइनिंग एवं पक्के कार्यो सहित निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 930.39 |
| 2 | 2025_WRD_418011 | अटल भूजल योजना के अंतर्गत सिंदूर सागर तालाब का सुधार एवं मरम्मत कार्य | निवाड़ी | 33.04 |
| 3 | 2025_WRD_418012 | **टर्न की पद्धति पर**- श्यामनगर जलाशय (नहर रहित) का शेष निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सतना | 998.58 |
| 4 | 2025_WRD_418014 | **टर्न की पद्धति पर**- आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत खंडवा-खिडकिया मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | खण्डवा | 93.43 |
| 5 | 2025_WRD_418015 | गांधीसागर के केचमेंट से मासून सत्र में सीडब्ल्यूसी पावर हाउस, गेजिंग इत्यादि से वर्षाकाल में रैनगेज, रिवरगेज एवं अन्य से रियल टाईम डाटा लेना, संबंधितों को देना, सभी रिकार्ड मैंटेन करना एवं उनको कम्प्यूटराईज्ड करना, वर्षा के आंकड़ों का विश्लेषण कर प्रत्येक घंटे गांधीसागर बांध के कंट्रोल रुम में उपलब्ध कराने का विशिष्ट कार्य। (वर्ष 2025) | मंदसौर | 30.86 |
| 6 | 2025_WRD_418016 | गांधीसागर बांध के सुरक्षा चौकियों पर सुरक्षा रक्षक (12 माह हेतु) प्रदाय करने का कार्य। | मंदसौर | 41.58 |
| 7 | 2025_WRD_418017 | पार्वती परियोजना के अंतर्गत कोटरा ग्राम में नवीन 11 के.व्ही. फीडर सेपरेशन का कार्य। | भोपाल | 61.64 |
| 8 | 2025_WRD_418018 | केन बेतवा लिंक नहर के अलाईमेंट के समानान्तर सीमा पत्थरों को लगाना और भू-अर्जन केस की ऑनलाईन धारा 11, धारा 19 और धारा 21 की तैयारी तथा प्रस्तुति एवं अनुगमन कार्य। | छतरपुर | 93.41 |
| 9 | 2025_WRD_418022 | लालाखेड़ा स्टाप डेम परियोजना का विशेष मरम्मत कार्य। | इंदौर | 45.00 |
| 10 | 2025_WRD_418023 | मेहतवाड़ा डी.सी. ग्राम कान्याखेड़ी में 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. डी.टी.आर एवं एल.टी. लाईन शिफ्टिंग का कार्य | भोपाल | 460.94 |
| 11 | 2025_WRD_418024 | रानी विरगवा स्टॉप डेम कम कॉजवे का संरक्षण कार्य। | मुरैना | 85.71 |
| 12 | 2025_WRD_418025 | लहार शाखा नहर एवं भाण्डेर मुख्य नहर का वार्षिक मरम्मत कार्य। | भिण्ड | 21.01 |

G-12016/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल। मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)



## श्रीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन

(एनसीटीई एवं उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता एवं विक्रम वि.वि. से संबद्धता प्राप्त)

मो. न. 6264411662 ईमेल- educationshriji@gmail.com

### आवश्यकता

| क्रं. | पद | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 |
| 2. | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 01 |

1. योग्यता एवं वेतन एनसीटीई एवं यूजीसी के नियमानुसार।
2. कृपया अपना बायोडाटा सत्यापित अंकसूची व फोटो के साथ प्रकाशित होने के 7 दिवस में निम्न पते पर भेजे।

- पता -
श्रीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन गुरडिया देदा, महू नीमच रोड, मंदसौर (म.प्र.)



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

## डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 27 अप्रेल को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in